बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2015

मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के अनुरोध पर प्रदेश के अशासकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के शिक्षण विभागों में दो वर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2015 का आयोजन निम्न विवरण अनुसार किया जा रहा है जिसके लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

1. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अवधि 01.02.2015 से 03.03.2015 तक
2. ऑनलाईन आवेदन पत्रों में संशोधन की प्रारंभ तिथि (एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क पर) तथा आवेदन पत्र भरने के उपरान्त दस्तावेजों के सत्यापन की प्रारंभ तिथि (उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अधिकृत/निर्धारित शासकीय महाविद्यालय {हिल्प सेन्टर} पर) दिनांक 02.02.2015
3. ऑनलाईन आवेदन पत्रों में संशोधन की अन्तिम तिथि (एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क पर) तथा आवेदन पत्र भरने के उपरान्त दस्तावेजों के सत्यापन की अन्तिम तिथि (उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अधिकृत/निर्धारित शासकीय महाविद्यालय {हिल्प सेन्टर} पर) दिनांक 05.03.2015
4. परीक्षा दिनांक :–19.04.2015 (रविवार) प्रातः 10.00 बजे से 12:15 बजे तक
5. परीक्षा शहर :– मंदसौर, इन्दौर, उज्जैन, भोपाल, होशंगाबाद, छिन्दवाड़ा, छतरपुर, सागर, जबलपुर, रीवा, सतना, शहडोल, ग्वालियर, मुरैना, बालाघाट, गुना, बुरहानपुर एवं भिण्ड
6. ***ऑनलाईन आवेदन-पत्र भरने की उपलब्धता :-***

(1) ***वेबसाईट www.mponline.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरा जा सकता है।***

(2) अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियो द्वारा रू. 500/– एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं निशक्तजन (म0प्र0 के मूल निवासी) अभ्यर्थियों द्वारा रू. 250/– का भुगतान कर ऑनलाईन आवेदन पत्र एम.पी. ऑनलाईन के अधिकृत कियोस्क से भरा जा सकता है। स्वंय के स्तर से भी उपरोक्त उल्लेखित बेवसाईट्स से डेबिट (कोई भी वीजा/मास्टर/मेईस्ट्रो कार्ड)/क्रेडिट कार्ड (कोई भी वीजा/ मेईस्ट्रो कार्ड) या नेट बैंकिंग के माध्यम से निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान कर ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरा जा सकता है। उपरोक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने वाले समस्त अभ्यर्थियों द्वारा रू. 70/– पोर्टल शुल्क देय होगा।

(3) भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत ऑनलाईन आवेदन–पत्र की एक प्रति अपने पास रखें, ताकि उसमें उल्लेखित आवेदन–पत्र क्रमांक का उपयोग कर मंडल की वेबसाईट के माध्यम से प्रवेश–पत्र प्राप्त किया जा सके।

7. महत्वपूर्ण : –

1. परीक्षा केन्द्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन, परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मंडल की वेबसाईट से डाउनलोड किये गये प्रवेश–पत्र के साथ–साथ फोटोयुक्त पहचान पत्र जैसे – आधार कार्ड, पासपोर्ट, पैनकार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राईविंग लायसेंस, अंकसूची मय फोटोग्राफ तथा बैंक पासबुक मय फोटोग्राफ में से कोई एक लाना अनिवार्य होगा ।
2. अभ्यर्थी द्वारा उपरोक्तानुसार फोटोयुक्त पहचान पत्र परीक्षा तिथि पर साथ नहीं लाये जाने की स्थिति में ही मण्डल द्वारा जारी प्रवेश पत्र (टी.ए.सी.) के द्वितीय भाग में अभ्यर्थी द्वारा अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र में उपयोग किया गया फोटो लगाकर राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित करवाकर लाना अनिवार्य होगा । अन्यथा अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं होगी ।
3. निर्धारित अन्तिम तिथि तक दस्तावेजो का सत्यापन करा चुके अभ्यर्थी ही प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पात्र होंगे ।
4. परीक्षा से संबधित समस्त विस्तृत विवरण परीक्षा की नियम पुस्तिका में व्यापम की बेवसाईट www.vyapam.nic.in पर उपलब्ध है। इसे देखकर आवेदक अपनी योग्यता अनुसार आवेदन कर सकते है। व्यापम दूरभाष क्रमांक 0755–2578801,02,03,04 पर किसी भी बिन्दु पर जानकारी आवश्यक हो तो प्राप्त की जा सकती है।

विज्ञापन कमांक /11/2015

संचालक

व्यावसायिक परीक्षा मंडल,भोपाल

चयन भवन,मेन रोड नं.1,चिनार पार्क(ईस्ट),भोपाल–462011फोन नं.0755–2578801,02,03,04 फैक्स:0755–2550498